**Series AB5CD/5**

# SET No. 3

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **66/5/3**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

| | **नोट :** | | **NOTE :** |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं। | (I) | Please check that this question paper contains **7** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। | (II) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं। | (III) | Please check that this question paper contains **12** questions. |
| (IV) | कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें। | (IV) | Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# व्यावसायिक अध्ययन
# BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : 2 hours* — *Maximum Marks : 40*

***सामान्य निर्देशः***

1. *इस प्रश्न–पत्र में **12** प्रश्न दिए गए हैं।*
2. *प्रश्न संख्या 1–4, **2** अंकों के हैं। यह लघु–उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर 30–50 शब्दों में दीजिए।*
3. *प्रश्न संख्या 5–8, **3** अंकों के हैं। यह लघु–उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर 50–80 शब्दों में दीजिए।*
4. *प्रश्न संख्या 9–12, **5** अंकों के हैं। यह दीर्घ–उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर 80–120 शब्दों में दीजिए।*
5. *प्रश्न–पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है लेकिन 3 अंकों के 1 प्रश्न में तथा 5 अंक प्रत्येक के 2 प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं।*
6. *इस प्रश्न–पत्र में केस/स्रोत आधारित प्रश्न हैं।*

**1.** ‘विभिन्न प्रकार के अनाचारों तथा निवेशकों की गुणित शिकायतों के कारण निवेशकों के हितों के संरक्षण हेतु तथा प्रतिभूति बाज़ार को विनियमित करने के लिए भारत सरकार ने एक पृथक् नियामक संस्था की स्थापना का निर्णय किया।’ 2

(क) उपरोक्त में उल्लेखित उद्देश्य के लिए भारत सरकार द्वारा स्थापित नियामक संस्था की पहचान कीजिए।

(ख) उपरोक्त (क) में पहचान की गई नियामक संस्था के किसी एक उद्देश्य का उल्लेख कीजिए।

**2.** ‘भर्ती के बाह्य स्रोत विद्यमान कर्मचारियों में असंतोष तथा निराशा उत्पन्न कर सकते हैं। वे यह अनुभव कर सकते हैं कि उनकी पदोन्नति के अवसर कम हो गए हैं।’ 2

ऐसी दो परिस्थितियां दीजिए जब बाह्य स्रोतों का उपयोग विद्यमान कर्मचारियों को असंतुष्ट किए बिना किया जा सकता है।

**3.** ‘मानव शक्ति आवश्यकताओं का अनुमान लगाना केवल यह जानना नहीं है कि हमें कितने व्यक्तियों की आवश्यकता है।’ मानव शक्ति आवश्यकताओं का अनुमान लगाते समय और क्या आवश्यक है ? किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए। 2

**4.** ‘विचलन विश्लेषण’ नियंत्रण प्रक्रिया का एक महत्त्वपूर्ण चरण है। अतः यह महत्त्वपूर्ण है कि प्रबन्ध को केवल वही महत्त्वपूर्ण विचलन सूचित किए जाने चाहिए जो अनुमति देने की सीमा के बाहर के हैं। 2

उपरोक्त चर्चित अवधारणा की पहचान कीजिए तथा इसका अर्थ दीजिए।

***General Instructions :***

1. *This paper contains **12** questions.*
2. *Question number 1-4 are of **2** marks. These are short-answer type questions and are to be answered in 30-50 words.*
3. *Question number 5-8 are of **3** marks. These are short-answer type questions and are to be answered in 50-80 words.*
4. *Question number 9-12 are of **5** marks. These are long-answer type questions and are to be answered in 80-120 words.*
5. *There is no overall choice in the question paper. However internal choice has been given in 1 question of 3 marks and 2 questions of 5 marks each.*
6. *This question paper contains case/source based questions.*

**1.** 'Due to various malpractices and multiplied investors grievances the Govt. of India decided to set-up a separate regulatory body to protect the interest of investors and to regulate the securities market.' 2

(a) Identify the regulatory body set-up by Govt. of India for the above stated purpose.

(b) State any one objective of the regulatory body identified in (a) above.

**2.** 'External sources of recruitment may lead to dissatisfaction and frustration among existing employees. They may feel that their chances of promotion are reduced.' 2

Give two situations when external sources may be used without dissatisfying the existing employees.

**3.** 'Estimating manpower requirements is not merely knowing how many persons we need.' What else is needed while estimating manpower requirements ? State any two points. 2

**4.** 'Analysing deviations' is an important step in the process of controlling. It is therefore important to bring significant deviations to the notice of the management which go beyond the permissible limit. 2

Identify and give the meaning of the concept discussed above.

5. निम्न कथनों में प्रकाशित अवधारणाओं के नाम बताइए तथा उनका अर्थ दीजिए : 3

(क) यह वर्तमान पद पर कर्मचारियों के निष्पादन में वृद्धि करती है अथवा उन्हें एक नियत कार्य के लिए तैयार करती है।

(ख) यह न केवल कर्मचारियों के कार्य निष्पादन में सुधार करती है अपितु उनका व्यक्तित्व-विकास भी करती है।

6. प्राथमिक बाज़ार में नए निर्गमन के लिए 'निजी नियोजन' तथा 'अधिकार निर्गम' को प्रवर्तन की विधियों के रूप में समझाइए। 3

7. (a) प्रबंध के 'नियंत्रण' कार्य के महत्त्व के किन्हीं तीन बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए। 3

**अथवा**

(b) प्रबंध के 'निर्देशन' कार्य के महत्त्व के किन्हीं तीन बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए।

8. अग्रिमा, अरुणिमा तथा अविका एक प्रतिष्ठित संस्थान से एम.बी.ए. की पढ़ाई कर रही हैं। अब उनके अनुस्थापन का समय है। 3

अग्रिमा एक ऐसी कम्पनी में कार्य करना चाहती है जो उसके कर्तव्यों को पूरा करने के लिए उसे अधिक अधिकार प्रदान करेगी तथा उसे मान्यता, पुरस्कार, अनुलाभ तथा पद-प्रतिष्ठा देगी।

अरुणिमा एक ऐसे संगठन में कार्य करना चाहती है जिसमें व्यक्तियों का व्यवहार उसकी विशेषताओं जैसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता, पुरस्कार अनुस्थापन, कर्मचारियों के लिए सोच-विचार, जोखिम लेना आदि से प्रभावित होता है।

अविका उस संगठन में पदभार ग्रहण करना चाहती है जिसके पास उपयुक्त दक्षता-विकास कार्यक्रम तथा ठोस पदोन्नति नीति है जो कर्मचारियों को अपना अच्छा निष्पादन प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

उन प्रोत्साहनों की पहचान कीजिए तथा उनका उल्लेख कीजिए जिनके विषय में अग्रिमा, अरुणिमा तथा अविका बात कर रही हैं।

9. (a) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के अनुसार निम्न उपभोक्ता अधिकारों को समझाइए : 5

(i) क्षतिपूर्ति का अधिकार

(ii) उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार

**अथवा**

(b) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार 'उपभोक्ता' का अर्थ दीजिए। यह भी उल्लेख कीजिए कि एक उपभोक्ता कब सीधे 'राज्य आयोग' तथा 'राष्ट्रीय आयोग' में शिकायत कर सकता है ? यदि उपभोक्ता 'राज्य आयोग' तथा 'राष्ट्रीय आयोग' के निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो वह कहाँ अपील कर सकता/सकती है ?

10. किन्हीं पाँच आधारों पर 'पूँजी बाज़ार' तथा 'मुद्रा बाज़ार' में अन्तर का उल्लेख कीजिए। 5

**5.** Name and give the meaning of the concepts that are highlighted in the following statements : 3

(a) It improves the performance of employees on the current job or prepares them for any intended job.

(b) It not only improves the job performance of the employees but also brings about growth of the personality.

**6.** Explain 'Private Placement' and 'Rights Issue' as methods of floatation of new issues in the primary market. 3

**7.** (a) State any three points of importance of 'Controlling' function of management. 3

**OR**

(b) State any three points of importance of 'Directing' function of management.

**8.** Agrima, Arunima and Avika are pursuing MBA from a reputed institution. Now it is the time of their placement. 3

Agrima wants to work in a company which would provide her more authority for fulfilling her duties and will give recognition, rewards, perquisites and prestige of job.

Arunima wants to work in an organisation in which behaviour of individuals is influenced by its characteristics like autonomy, reward orientation, consideration to employees, risk taking etc.

Avika wants to join the organisation which has appropriate skill development programmes and sound promotion policy that encourages employees to exhibit improved performance.

Identify and state the incentives about which Agrima, Arunima and Avika are talking about.

**9.** (a) Explain the following rights of a consumer as provided by Consumer Protection Act, 2019 : 5

(i) Right to Seek Redressal

(ii) Right to Consumer Education

**OR**

(b) Give the meaning of 'Consumer' as per Consumer Protection Act, 2019. Also state when can a consumer complain directly in the 'State Commission' and 'National Commission' ? If the consumer is not satisfied with the decision of 'State Commission' and 'National Commission' where can he/ she appeal ?

**10.** State the difference between 'Capital Market' and 'Money Market' on any five basis. 5

**11.** आशा राजस्थान के एक छोटे गाँव में रहती है। उसकी माताजी के पास अच्छी पाक–कौशल है। अपनी माताजी से प्रेरित होकर उसने 'खाना तथा पेय पदार्थों' बनाने के एक पाठ्यक्रम में जयपुर में प्रवेश लिया। अपना पाठ्यक्रम पूरा करने के पश्चात् उसने अपनी माताजी से जयपुर में मिठाई की एक दुकान खोलने के लिए कहा जिसके लिए उसकी माताजी सहमत हो गईं। व्यवसाय अच्छा चल रहा था तथा इसमें वृद्धि होनी शुरू हो गई थी। अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए उसे अतिरिक्त कार्मिकों की आवश्यकता हुई। किसी अन्य स्रोत से कार्मिकों का चयन करने के बजाय उसने अपने सम्बन्धियों की सहायता करने की सोची तथा उनमें से उसने पाँच की नियुक्ति कर ली। परन्तु सभी प्रयास करने के पश्चात् उसने पाया कि उसका कोई भी संबंधी संतोषजनक सेवा प्रदान नहीं कर रहा था जिससे उत्पादकता में कमी आ गई। उत्पादों की गुणवत्ता भी खराब होने लगी। 2+3=5

इससे आशा को अहसास हुआ कि एक संगठन की लक्ष्य प्राप्ति की योग्यता इसके मानव संसाधनों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। उसने अपने विस्तार कार्यक्रम के लिए कार्मिकों का चयन करते समय इसकी उपेक्षा की थी।

(क) प्रबंध के उस कार्य की पहचान कीजिए तथा उसका उल्लेख कीजिए जो संगठन में अतिरिक्त कार्मिकों की आवश्यकता पूरी करने में आशा की सहायता कर सकता था।

(ख) उपरोक्त (क) में पहचाने गए कार्य के किन्हीं तीन लाभों का उल्लेख कीजिए।

**12.** (a) पिछले अनेक वर्षों से अनन्ता लिमिटेड बने बनाए वस्त्रों का व्यवसाय कर रही है। हाल ही में कम्पनी के लाभ में बढ़ोत्तरी शुरू हुई है। वित्तीय प्रबंधक ने लाभ को अंशधारकों में बांटने के बजाय इसके प्रतिधारण का निर्णय लिया है। 2+3=5

(i) उपरोक्त परिस्थिति में वित्त प्रबंधक द्वारा लिए गए निर्णय की पहचान कीजिए तथा इसका उल्लेख कीजिए।

(ii) उपरोक्त (i) में पहचाने गए निर्णय को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

(b) रवि ने एम.टी.ए. लिमिटेड में एक वित्त प्रबंधक के रूप में पद ग्रहण किया। उसे कम्पनी के लिए एक करोड़ रुपये के कोष की व्यवस्था करनी थी। कम्पनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी एक सार्वजनिक निर्गमन द्वारा कोष की आवश्यकता को पूरा करना चाहता है जबकि वित्त प्रबंधक ऋण एवं समता का एक मिश्रण रखना चाहता है क्योंकि यह पूँजी की सम्पूर्ण लागत तथा वित्तीय जोखिम का निर्धारण करेगा।

(i) उपरोक्त स्थिति में वित्त प्रबंधक द्वारा सुझाए गए वित्तीय निर्णय की पहचान कीजिए तथा इसका अर्थ दीजिए।

(ii) उपरोक्त (i) में पहचाने गए निर्णय को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों का उल्लेख कीजिए।

**11.** Asha is living in a small village of Rajasthan. Her mother has good culinary skills. Inspired from her mother she joined a course of 'Food and Beverages Production' in Jaipur. After completing her course she asked her mother to open a sweets shop in Jaipur, to which her mother agreed. The business was doing well and had started growing. To expand her business she felt the need of additional personnel. Instead of selecting personnel from any other source she thought of helping her relatives and appointed five of them. But after doing all efforts she found that none of her relatives were providing satisfactory service leading to lower productivity. Also, the quality of the products started deteriorating. 2+3=5

This made Asha to realise that the ability of an organisation to achieve its goals depends upon the quality of its human resources. This was ignored by her at the time of selecting the personnel for her expansion programme.

(a) Identify and state the function of management which could have helped Asha at the time of fulfilling her need of additional personnel in the organisation.

(b) State any three benefits of the function identified in (a) above.

**12.** (a) Ananta Ltd. is a company dealing in ready-made garments from last many years. Recently the profit of the company have started increasing. The finance manager decided to retain the profit instead of distributing it among shareholders. 2+3=5

(i) Identify and state the financial decision taken by finance manager in the above case.

(ii) State any three factors affecting the decision identified in (i) above.

**OR**

(b) Ravi has joined as a finance manager in MTA Ltd. He had to arrange funds of rupees one crore for the company. The Chief Executive Officer of the company wants to arrange the funds by a public issue whereas the finance manager wants to have a mix of debt and equity as this will determine the overall cost of capital and the financial risk of the enterprise.

(i) Identify and give the meaning of the financial decision suggested by the finance manager in the above case.

(ii) State any three factors affecting the decision identified in (i) above.